## पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र की विशेष बैठक

## राज्यपाल ने दिए कलाकारों को प्रोत्साहन देने वाली गतिविधियों के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश

जयपुर, 4 सितम्बर। पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र की विशेष बैठक सोमवार को राज्यपाल श्री कलराज मिश्र की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में श्री मिश्र ने केन्द्र के अंतर्गत कला मर्मज्ञों को जोड़ने, केन्द्र से कलाकारों को प्रोत्साहन देने वाली गतिविधियों के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए। उन्होंने जनजाति क्षेत्रों से जुड़े पारम्परिक कलाकारों, ग्रामीण हस्तशिल्प एवं दस्तकारी को प्रोत्साहन देते हुए कला क्षेत्र और कलाकारों की आजीविका के अवसर बढ़ाने का भी आह्वान किया।

बैठक में पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र की निदेशक श्रीमती किरण सोनी गुप्ता ने सांस्कृतिक केन्द्र की गवर्निंग बॉडी, कार्यकारी परिषद, वित्त समिति, कार्यक्रम समिति आदि के अंतर्गत विभिन्न स्तरों पर सदस्यों की नियुक्ति और किए जाने वाले कार्यों के बारे में बताया। इस अवसर पर राज्यपाल के प्रमुख सचिव श्री सुबीर कुमार और प्रमुख विशेषाधिकारी श्री गोविन्दराम जायसवाल भी उपस्थित रहे।

————




